विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-34 का उत्तर।

| क्र0सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 34(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-मछरेहटा की ग्राम सभा अनोगी के मजरा बड़ी कुसौली में गैन्धरिया डामर रोड से जयपाल सिंह के मकान तक की दूरी लगभग 250 मी0 मार्ग बहुत ही खराब है और पानी भर जाने से लोगों को आवागमन की समस्या बनी रहती है? | जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-मछरेहटा की ग्राम सभा अनोगी के मजरा बड़ी कुसौली में गैन्धरिया डामर रोड से जयपाल सिंह के मकान तक मार्ग की लम्बाई लगभग 210 मीटर तथा चौड़ाई 3.80 मीटर है। उक्त मार्ग पर खड़ण्जा लगा हुआ है तथा मार्ग पर एक साइड में लगभग 120 मीटर लम्बाई में नाली बनी हुई है, जो कि कहीं-कहीं पर क्षतिग्रस्त है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग, सी0सी0 रोड व नाली का निर्माण करायेंगे ? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण उक्त कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।